हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 तीन-चार एजेंसियों के समन्वय में लगा समय...



09 सचल विज्ञान बस से गांव - गांव में पहुंचेगा विज्ञान का...




भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की, बोल बम के जयकारे से गूंजे मंदिर


सावन का सोमवार और नाग पंचमी पर्व के संयोग पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

सावन माह के तीसरे सोमवार पर नाग पंचमी पर्व के विशेष संयोग के अवसर पर नगर के शिवालयों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। नगर के प्राचीन और आस्था के केंद्र शिव पहाड़ी स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का नागेश्वर स्वरूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने इस खास संयोग पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, फूल, दूध और गंगाजल अर्पित कर पूजा-अर्चना की।







देव नारायण मंदिर पर किया आकर्षक श्रृंगार

नाग पंचमी के अवसर पर नगर के देव नारायण मंदिर देव बल्डा, देव डूंगरी धाम बजरंग मोहल्ला, कालाजी महाराज मंदिर तथा गायरी मोहल्ला स्थित देव नारायण भगवान का फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।वहीं बजरंग मोहल्ला स्थित कालाजी महाराज मंदिर में भी विशेष श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सावन माह के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के संयोग के चलते नगर सहित आसपास के क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और नाग देवता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

नागपंचमी पर हुई महाआरती, दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



नलखेड़ा। नगर के प्राचीन एवं चमत्कारी देवस्थान अलीजा बहादुर मंदिर पर नाग पंचमी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ महाआरती संपन्न हुई। दिनभर दर्शनार्थ भक्तों का आना जाना जारी रहा। सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर अलीजा बहादुर मंदिर पर पूजन अभिषेक व यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत महाआरती सम्पन्न हुई।



नागपंचमी के अवसर पर मंदिर पर दिनभर भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहा। महाआरती के बाद देर शाम तक महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर देवस्थान के सेवक बालचंदजी राठौर द्वारा नाग देवता सहित अन्य देवी प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर को पुष्पों व विद्युत रोशनी से सजाया गया था।

नाग चंद्रेश्वर महादेव की हुई महाआरती

सोमवार को सुबह 10 बजे नाग पंचमी के अवसर पर नगर के मध्य स्थित मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला में स्थापित भगवान नाग चंद्रेश्वर महादेव की महाआरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। नाग पंचमी पर यहां भी दिनभर दर्शनार्थ भक्तों का पहुंचना जारी रहा।

जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न

शिक्षकों को काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

महाविद्यालय तथा विद्यालयों में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने उनके मानसिक स्वास्थ्य के उन्नयन तथा शैक्षिक तनाव को कम करने, नकारात्मकता को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों में नकारात्मकता को रोकने के लिए शिक्षकों को काउंसलिंग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अंकिता पंड्या, जिला संयोजक ट्राईबल अंगूर बाला भगोरा, समिति के सदस्य गण तथा कॉलेज के प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

रूपरेखा तैयार की जाएगी

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य किया जाएगा। समिति द्वारा विद्यार्थियों के हित में आगामी दिनों की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में स्पष्ट रूपरेखा तैयार की जाएगी। विद्यार्थियों में सकारात्मक जगाने के लिए उन संवेदनशील कारकों को चिन्हित करना होगा जो नकारात्मकता के वाहक होते हैं। विद्यार्थियों में नकारात्मकता को रोकने में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है इसके लिए शिक्षकों को काउंसलिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। आगामी दिनों कलेक्ट्रेट में सेमिनार आयोजित कर साइकोलॉजी तथा साइकियाट्रिस्ट द्वारा प्रशिक्षित करवाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा भी अपने सुझाव दिए गए कलेक्टर ने कहा कि सदस्यों के सकारात्मक सुझावों को अमल में लाया जाएगा।

सावन में झूले का ले रहे आनंद

नलखेड़ा। भारतीय संस्कृति में सावन मास में झूला झूलने का विशेष महत्व माना जाता है। इसी के चलते नगर में विभिन्न स्थानों पर झूले बांधे गए हैं, जहां सुबह से शाम तक नागरिक विशेष कर महिलाएं व बच्चे झूला झूलने का आंनद ले रहे हैं। श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने स्थित अटल बिहारी वाजपेयी उद्यान में लोहे के पाइप व लोहे की चेन का आधुनिक झूला रखा गया है यहां भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर झूले का आनंद ले रहे हैं। पूर्व के समय मे सावन महीने में बाग बगीचों में झूले बांधे जाते थे जहां महिलाएं सावन के गीतों के साथ झूलने का आनंद लेती थीं लेकिन अब बदलते परिवेश में बाग बगीचों का स्थान धार्मिक स्थलों ने ले लिया है।







स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाई गई

नलखेड़ा। पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पालखेड़ी, आगर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात ध्वजारोहण एवं ध्वजवंदन के साथ हुआ। योगाचार्य हरीश कुमार श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं फौजी हरिसिंह गुर्जर के विशेष आतिथ्य तथा प्राचार्य के सी मालवीय की अध्यक्षता में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पालखेड़ी,आगर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया।



मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व एवं देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता करते हुए राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा।

उत्कृष्ट कार्य करने पर हुए सम्मानित

नलखेड़ा। नगर में पदस्थ कस्बा पटवारी रामपाल सिंह तोमर एवं पटवारी मुकेश सिंह चौहान द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आगर जिला मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा व पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी द्वारा प्रशंसित पत्र देकर पटवारीद्वय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आगर विधायक माधव सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई भेरूसिंह चौहान उपस्थित रहे।

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष बगलामुखी मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे



नलखेड़ा। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह मंगलवार को नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचेंगे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की जाएगी। डॉ. सिंह मंगलवार को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय, आगर-मालवा के सभागार में जिले के मप्र मानव अधिकार आयोग में लंबित प्रकरणों एवं नवीन प्राप्त आवेदन पत्रों पर सुनवाई करेंगे। 12:30 बजे आगर-मालवा से नलखेड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। 1:20 बजे मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन करेंगे और 2:20 बजे पुनः आगर-मालवा पहुंच कर सर्किट हाउस में दोपहर भोजन के बादअपराह्न 3 बजे आगर-मालवा से भोपालके लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने जिले के समस्त संबंधित अधिकारियों को मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ सिंह के भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के उपाय

कार्यक्रम में छात्राओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निडर बनने के सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशव कुंज में बालिका शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निडर बनने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता देश की जानी-मानी एथलेटिक्स चैंपियन आशा मालवीय थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा की गई। कार्यक्रम की विशेष अतिथि श्यामा भाटी दीदी जो बालिका शिक्षा की प्रमुख है। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके बाद संस्था की 'कन्या भारती' की अध्यक्ष महिमा सेन उपाध्यक्ष वर्षा दासावत सचिव वेदिका दोवड़ा तीनों बहिनों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच का कुशल संचालन रिया सिसोदिया दीदी द्वारा किया गया। इस दौरान शिप्रा व्यास दीदी ने एक प्रेरणादायक व्यक्तिगत गीत भी प्रस्तुत किया।



लक्ष्य की ओर बढ़ें: आशा मालवीय

उद्बोधन देते हुए चैंपियन आशा मालवीय ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सभी बहनों को जीवन में बड़े सपने देखने और बिना रुके अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

आत्मरक्षा और निडरता जरूरी : थाना प्रभारी



अपने अध्यक्षीय भाषण में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बहनों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा करने और समाज में पूरी निर्भीकता (बिना किसी डर) के साथ जीने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य ईश्वरसिंह सोलंकी समिति सहव्यस्थापक भेरूसिंह दासावत अधिवक्ता एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रदर्शन प्रेमलता राठौर दीदी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी बालिका शिक्षा सहप्रभारी शिप्रा व्यास दीदी द्वारा दी गई।

24 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा

नलखेड़ा। श्री गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ द्वारा प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली कांवड़ यात्रा 24 अगस्त को निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा श्री तारकेश्वर महादेव ताखला पहुंचकर भोले नाथ का जलाभिषेक करेगी। जानकारी देते हुए श्री गुप्तेश्वर कावड़ यात्रा संघ संयोजक अनुज ठाकुर ने बताया कि समस्त हिन्दू संगठनों के सहयोग से लगातार 5वें वर्ष कांवड़ यात्रा 24 अगस्त को श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी जो ताखला स्थित श्री तारकेश्वर महादेव पहुंचेगी जहां लखुंदर के जल से श्री तारकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन द्वारा कैलास एम्पायर कॉलोनी के गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फलदार पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। सभी ने पौधों की देखभाल एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर संस्था ने समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवियों व नागरिकों ने तितली सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनहित के कार्यों की सराहना की।

कलेक्टर ने दिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश...

जिले में संचालित सभी पैथोलॉजी लैब, नर्सिंग होम, निजी अस्पतालों के दस्तावेजों, लाइसेंसों का परीक्षण कर रिपोर्ट दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में संचालित सभी पैथोलॉजी लैब नर्सिंग होम, निजी अस्पतालों के लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण करवा कर एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष आगर में समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर पीएन परमार, कमल मंडलोई एवं एसडीएम आगर सुसनेर सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज 300 दिवस एवं उससे ऊपर की लंबित एक-एक शिकायत के निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रेडिंग माह की सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टी के साथ दो दिन में निराकरण करवाएं, साथ ही 300 दिन से अधिक की लंबित कोई भी शिकायत एक सप्ताह से ज्यादा लंबित ना रहे। आगामी टीएल तक सभी 300 दिवस की शिकायतों का निराकरण करवाएं।



जन विश्वास शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करें: बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जनविश्वास शिविर तनोडिया एवं गंगापुर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही आगामी शुक्रवार को डोंगरगांव में प्रस्तावित जनविश्वास शिविर को देखते हुए विकासखंड सुसनेर क्षेत्र की सभी सीएम हेल्पलाइन का भी सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करवाएं। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की जन विश्वास शिविरों में जिला अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर आवेदनों का निराकरण करें और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दें। बैठक में सीमांकन प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने भू-अर्जन संबंधी सभी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें संबंधितों को मुआवजा राशि का भुगतान करवाने, प्रसूति सहायता, जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान को भी प्राथमिकता से करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

खबर संक्षेप

नाग देवता मंदिरों पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



चापडा। नाग पंचमी पर सोमवार के दिन नाग देवता मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। दिनभर पूजा का सिलसिला जारी रहा। एक दिन पूर्व मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। नगर की सुख शांति की कामनाओं को लेकर नागरिकों द्वारा नाग देवता को दूध चढ़कर पूजन किया गया।

उत्साह के साथ फहराया गया तिरंगा



बागली। ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार, उप सरपंच रामेश्वर जाट, ग्राम पंचायत चारिया सरपंच संगीता सागर चौहान, ग्राम पंचायत नयापुरा सरपंच, ग्राम पंचायत छतरपुरा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, जनपद सदस्य आशीष पाटीदार, नगर परिषद बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव,नगर परिषद करनावद अध्यक्ष परशराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, ग्राम पंचायत भमोरी सरपंच लक्ष्मीबाई, ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ सरपंच नूरीबाई बामनीया,राजु बामनीया,ग्राम पंचायत इकलेरा सरपंच चंद्रसिंह पाटीदार, सेवा सहकारी संस्था चापडा प्रबंधक राजेश सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत डिगोद सरपंच प्रेमबाई जाट, गांधी चौक बागली पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर, पुलिस सहायता केंद्र चापडा पर प्रभारी राकेश चौहान, पुलिस थाना कमलापुर पर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस पर मनाते हुए अपनी-अपनी संस्थाओं पर ध्वज फहराया गया।

निगम परिषद में विकास कार्यों पर मंथन के बजाय छाया जनप्रतिनिधियों का आक्रोश

तीन-चार एजेंसियों के समन्वय में लगा समय दिसंबर तक पूरा होगा रोड का काम: आयुक्त

बिजली पोल से लेकर पौधारोपण, एमजी रोड की सुस्ती पर अधिकारियों से मांगे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम परिषद की सोमवार को हुई बैठक विकास कार्यों की समीक्षा से अधिक जनप्रतिनिधियों की नाराजगी और समस्याओं के मुद्दों को लेकर चर्चा में रही। बैठक में शहर की बिजली व्यवस्था, पौधारोपण, अधिकारियों की उपलब्धता, एमजी रोड निर्माण की धीमी गति, टेकरी रपट मार्ग पर मांस-मटन की दुकानों और अतिक्रमण तथा एबी रोड की पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पार्षदों ने सवाल उठाए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद ने बैठक हॉल में धरना देकर अपने वार्ड की समस्याओं पर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। वार्ड 35 के पार्षद सोनू परमार ने क्षेत्र में बिजली के पोल नहीं लगाए जाने का मुद्दा उठाया। निगम की कार्यपालन यंत्री इंदु भारती ने बताया कि सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण रिपेयरिंग का काम प्रभावित है। इस पर पार्षद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि चार-पांच सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इस समस्या के निराकरण के लिए वे किस अधिकारी के पास जाएं। वार्ड 39 के पार्षद बाली घोसी ने पौधारोपण अभियान में खर्च और पौधों के वितरण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि कितने पौधे लगाए गए और कहां-कहां ट्री गार्ड लगाए गए। उनका आरोप था कि पौधों पर लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन पौधों की खरीदी दर और वितरण की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। बताया गया कि उद्यान विभाग की ओर से निविदा जारी नहीं की गई थी। पार्षद विकास जाट ने कहा कि ऐसे पौधे उपलब्ध कराए जाने चाहिए, जिन्हें आसानी से लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर उन्होंने स्वयं की राशि खर्च कर पौधे लगाए हैं। बाली घोसी ने वार्ड 39 को पौधारोपण अभियान में पर्याप्त स्थान नहीं दिए जाने पर भी सवाल उठाया। सत्तापक्ष नेता मनीष सेन ने अधिकारियों और पार्षदों के बीच समन्वय की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार को अधिकारियों के अवकाश पर रहने के कारण जलभराव जैसी आपात स्थिति में पार्षदों को अधिकारियों से संपर्क करने में परेशानी होती है। उन्होंने टेकरी पर गर्मी के दौरान हुई आगजनी का उदाहरण देते हुए कहा कि पानी की टंकी खाली होने से परेशानी बढ़ गई थी। श्मशान की टंकी भी अक्सर खाली रहती है। इस पर आयुक्त दलीप कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पार्षदों के साथ लगातार संपर्क में रहने तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश देने की बात कही। एमजी रोड निर्माण की धीमी गति को लेकर पार्षद अजय तौमर और मनीष सेन ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से निर्माण कार्य चलने के कारण व्यापारियों और आम लोगों को परेशानी हो रही है। मनीष सेन ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके द्वारा अन्य स्थानों पर भी काम लिया गया है, जिससे एमजी रोड का काम प्रभावित हो रहा है। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि परियोजना में तीन से चार एजेंसियां काम कर रही हैं और उनके बीच समन्वय जरूरी है। इसी वजह से काम अपेक्षित गति से नहीं हो पाया। परियोजना की प्रारंभिक समय सीमा एक वर्ष निर्धारित की गई थी और दिसंबर 2026 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि नाले का निर्माण दोनों ओर हो चुका है, सीवरेज की मुख्य लाइन डाली जा चुकी है और एक तरफ विद्युत लाइन का काम पूरा हो गया है। उन्होंने 30 सितंबर तक नावेल्टी चौराहे तक सीसी रोड का कार्य पूरा करने तथा शेष कार्य 15 दिसंबर तक पूरा करने की जानकारी दी।

टेकरी मार्ग से मांस-मटन की दुकानें और अतिक्रमण हटाने की मांग

परिषद की बैठक में टेकरी से जुड़े रपट मार्ग पर संचालित मांस-मटन की दुकानों और अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा। सभापति ने कार्रवाई की आवश्यकता पर सहमति जताते हुए कहा कि मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण और ऐसी दुकानों को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टेकरी शहर का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में मार्ग पर अतिक्रमण और अव्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।

नागपंचमी पर पूजा के दौरान महिला को सांप ने डसा

शुक्र है, जहरीला नहीं था सांप



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के विकास नगर में नागपंचमी के अवसर पर पूजा के दौरान एक महिला को सांप ने डस लिया। परिजन महिला को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई गई है।जानकारी अनुसार ऋषिका चौहान नागपंचमी के अवसर पर पूजा कर रही थीं। इसी दौरान कालबेलिया समुदाय का युवक बबलू सांप लेकर वहां पहुंचा। पूजा के दौरान ऋषिका सांप के दर्शन कर रही थीं, तभी सांप ने उनकी उंगली में डस लिया।घटना के बाद सांप लेकर आए युवक बबलू को पुलिस अपने साथ ले गई। बबलू के अनुसार उसने करीब दो दिन पहले सांप पकड़ा था और नागपंचमी के दिन पूजा के लिए उसे लेकर आया था।

उसका दावा था कि सांप के डसने के बाद उसने उसका जहर निकाल दिया था।जिला अस्पताल के डॉक्टर कमल प्रजापति ने बताया कि महिला को अस्पताल लाया गया था। उसका ब्लड सैंपल लेकर जांच की गई, जिसमें सांप के जहरीला नहीं होने तथा हेमोटॉक्सिक प्रभाव नहीं पाए जाने की जानकारी सामने आई। हालांकि, इलाज के बाद परिजनों ने महिला को अपने स्तर पर एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।घटना के बाद पुलिस ने सांप लेकर आए युवक को अपने साथ ले जाकर मामले की जानकारी ली। नागपंचमी के अवसर पर हुई इस घटना ने पूजा स्थल पर मौजूद लोगों को भी कुछ देर के लिए सकते में डाल दिया।

48 वर्षों से अखंड जल रही ज्योत

भौरासा। सोनकच्छ और हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर देवास-भोपाल स्टेट हाईवे स्थित नागेश्वर धाम (नाग महाराज फाटा) लंबे समय से क्षेत्रीय आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। धाम की सबसे बड़ी विशेषता यहां करीब 48 वर्षों से लगातार प्रज्वलित अखंड ज्योत है, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बनी हुई है।बताया जाता है कि यह अखंड ज्योत 1978 में राजस्थान के खरनाल गांव से लाई गई थी, जिसे वीर तेजाजी महाराज की जन्मस्थली माना जाता है।

बोल बम के जयघोष से गूंज उठा भौरासा, कांवड़ यात्रा ने किया जलाभिषेक



भौरासा। ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर निकली बाबा भंवरनाथ कांवड़ यात्रा के भौरासा पहुंचने पर पूरा नगर 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा। करीब 150 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर कांवड़िए नगर में पहुंचे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों सहित नागरिकों ने जगह-जगह कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा एवं फल वितरण कर स्वागत किया। छोटा हनुमान चौक पर भौरासा प्रेस क्लब की ओर से कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय देव नागर, सुरेश राठौर, कमल पाटीदार, अशोक विश्वकर्मा, नागेश कदम, रमेश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर पहुंचने पर नगर पुजारी मनोज जोशी एवं स्थानीय पुजारी चंद्रशेखर शर्मा और बबुल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कांवड़ियों द्वारा लाए गए मां नर्मदा के जल से भगवान मनकामेश्वर एवं बाबा भंवरनाथ महाराज का जलाभिषेक कराया।

पैदल कांवड़ यात्राओं का हुआ स्वागत



चापडा। सोमवार को नागपंचमी पर क्षेत्र में अलग-अलग गांवों की कई पैदल कावड़ यात्राओं का आयोजन हुआ। चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल से जल भरकर कावड़ यात्राएं प्रारंभ हुई। दिनभर कावड़ यात्राओं का सिलसिला जारी रहा।चन्द्रकेश्वर से चापड़ा के बीच जगह-जगह कावड़ यात्राओं का स्वागत कर स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी चौराहा, पोलाय,मातमोर ,मोखाप्पिल्या, अमरपुरा चापड़ा सहित अन्य स्थानों पर यात्रियों का स्वागत किया गया। महिलाओं द्वारा चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल से जल भरकर अपने-अपने गांवों के लिए पैदल कावड यात्रा का आयोजन किया गया और क्षेत्र में सुख शांति की कामनाओं को लेकर अपने-अपने गांवों में स्थित शिवालयों का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। नगर करनावद की महिलाओं द्वारा चन्द्रकेश्वर से कर्णेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल कावड़ यात्रा निकाली गई और कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। इस दौरान जय बाबा रामदेव राम रसोड़ा समिति द्वारा चापडा में यात्रियों का स्वागत कर फ्रुट रबड़ी का वितरण किया गया।

नेमावर से लेकर खातेगांव तक, विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खातेगांव



स्वतंत्रता दिवस के उपरांत रविवार को हर वर्ष की परंपरा के अनुसार खातेगांव विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में नेमावर से खातेगांव तक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना से ओतप्रोत इस भव्य यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं नागरिक शामिल हुए। यात्रा में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की विशेष एवं गरिमामयी उपस्थिति ने युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया। हाथों में तिरंगा लिए युवाओं और कार्यकर्ताओं की विशाल मौजूदगी से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नेमावर के मणी गिरी पर्वत स्थित वीर शहीदों के स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर एवं वीर शहीदों को पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। विधायक शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष टेलर, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की मौजूदगी में बड़ी संख्या में युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। युवाओं के हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और भारत माता के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं युवा मौजूद रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा। सड़क के दोनों ओर मौजूद नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की उपस्थिति ने यात्रा में युवाओं की भागीदारी को और मजबूती दी। विशाल तिरंगा यात्रा नेमावर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए खातेगांव बस स्टैंड पहुंची, जहां राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत माहौल में यात्रा का समापन किया गया।

होपवेल अस्पताल में मनाया स्वतंत्रता दिवस का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस शासकीय संस्थानों के साथ-साथ निजी संस्थानों में भी हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इसी क्रम में इंदौर-भोपाल हाईवे पर ग्राम रोलू पीपल्या के समीप स्थित होपवेल अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अस्पताल के संरक्षक मनोहरसिंह सेंधव (अध्यापक) ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों, स्टाफ एवं उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।होपवेल अस्पताल क्षेत्र में चौबीसों घंटे विभिन्न बीमारियों के उपचार एवं जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करता है। अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपचार किया जा रहा है। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार देवास-इंदौर जैसे बड़े शहरों में होने वाले विभिन्न ऑपरेशन यहां भी सुविधापूर्वक किए जा रहे हैं।इस अवसर पर अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. अंकिता वरगड़िया, डायरेक्टर डॉ. मंगलसिंह सेंधव, डॉ. श्रवणसिंह सोलंकी, डॉ. विमर्श कुमार गुप्ता, डॉ. विवेक गामी, डॉ. धर्मेन्द्र यादव, डॉ. बबलू यादव, डॉ. सकलेन खान, अनुराग ठाकुर, नितेश कालमा, कुलदीपसिंह सिसोदिया सहित अस्पताल परिवार के स्टाफ एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

देशभक्ति के रंग में रंगा भौरासा, तिरंगे को दी सलामी

सरकारी कार्यालय से लेकर स्कूलों तक शान से लहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए। नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, सीएमओ प्रमिला ठाकुर, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। महाकाल आरो एटीएम परिसर में मुख्य अतिथि त्रिलोक सोनकर, बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी एवं उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने ध्वजारोहण किया। टप्पा तहसील कार्यालय में जागृति जाट, भौरासा थाना परिसर में थाना प्रभारी अनीता सिंह, विद्युत मंडल में अधिकारी देवेंद्र बाथरी, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में शाखा प्रबंधक महिपाल सिंह चावड़ा एवं सेवा सहकारी संस्था में अदिति गोयल ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मिथुन यादव एवं नगर कांग्रेस कार्यालय में जीवन सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। छोटे हनुमान चौक में भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला एवं सुरेश राठौर ने राष्ट्रध्वज फहराया। ग्राम पंचायत कुलाला में सरपंच तेज सिंह यादव तथा ग्राम पंचायत काकड़दा में सरपंच संतोषबाई एवं सुमेर सिंह नागर की उपस्थिति में ध्वजारोहण हुआ। वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में ज्योति वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

हरिभाऊ उपाध्याय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार चौधरी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य नीता शर्मा, कन्या प्राथमिक विद्यालय, बालक मिडिल एवं बालक प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में प्राचार्य अनंत नारायण निगम, भंवरनाथ गुरुकुल स्कूल में प्रधानाचार्य मनीष कुमावत, जीनियस कॉन्वेंट स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल में प्राचार्य कन्हैयालाल माली, प्रतिभा ग्लोबल एकेडमी, संजय नगर स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर में प्राचार्य बघेल ने ध्वजारोहण किया। स्वामी विवेकानंद स्कूल नेवरी फाटा में जीवन सर, बुदासा मां शारदा विद्या मंदिर में प्राचार्य विजय पाटीदार, सनराइज स्कूल डकाच्या में लाखन सिंह राजपूत तथा एमसीएस में अर्जुन गुर्जर की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। स्टेट बैंक शाखा, नर्मदा झाबुआ बैंक, डाकघर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गुरबीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर द्वारा ध्वजारोहण किया।

प्रोग्रेसिव ग्लोबल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में संचालित प्रोग्रेसिव ग्लोबल स्कूल में 15 अगस्त को 80 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण स्कूल प्राचार्य विजय शर्मा,स्कूल प्रबंधक संदीप जाकोनिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्ययनरत स्कूल विद्यार्थियों द्वारा परेड मार्च कर राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली गई। विद्यार्थियों ने राष्ट्र भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रीय पर्व कार्यक्रम बडी धूमधाम से मनाया। बच्चो द्वारा रंगारंग मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य विजय शर्मा द्वारा आजादी के महत्व को बताया गया,कि आज के टेक्निकल युग में सभी गजट व्यवस्थित रूप से चलाना व उनका सदुपयोग अनिवार्य है। मंच संचालन विद्यार्थी प्रियांशी ठाकुर, कृतिका बेस द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

बस में यात्री को एक मिनट में जड़े 12 थप्पड़

ललितपुर। मड़ावारा से वृंदावन जा रही ट्रैवल्स की चलती बस में एक यात्री के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो में एक युवक दूसरे यात्री को गाली-गलौज करते हुए लगातार थप्पड़ मारता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि करीब एक मिनट के दौरान आरोपी ने पीड़ित यात्री को लगभग 12 थप्पड़ जड़ दिए। घटना ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम खितवांसा के पास की बताई जा रही है। रविवार शाम ट्रैवल्स की बस मड़ावारा से यात्रियों को लेकर वृंदावन के लिए रवाना हुई थी। शाम करीब सात बजे बस जब ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम खितवांसा के पास पहुंची, तभी किसी बात को लेकर दो यात्रियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और एक युवक ने दूसरे यात्री के साथ मारपीट शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में युवक पीड़ित यात्री को लगातार थप्पड़ मारता दिखाई दे रहा है। इस दौरान वह कथित तौर पर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा है। करीब एक मिनट तक चली मारपीट में आरोपी ने पीड़ित को ताबड़तोड़ कई थप्पड़ मारे। बताया जा रहा है कि घटना के समय बस में बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे। चलती बस में अचानक हुई मारपीट से यात्रियों में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि किसी यात्री द्वारा घटना का वीडियो बना लिया गया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद आरोपी युवक खितवांसा के पास बस से उतर गया और वहां से चला गया, जबकि पीड़ित यात्री बस में आगे ललितपुर की ओर चला गया। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान के बाद पूरे मामले की जांच कर तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर इलाके में चर्चा बनी हुई है।

15 हजार रुपए को लेकर विवाद, युवक को पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन इलाके में एक होटल के सामने पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन नामजद युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक को घेर लिया और लात-घूंसों तथा ईंटों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में युवक के सिर और नाक में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी कविता, पुत्री कन्हैयालाल, ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई अनूप यादव 16 अगस्त 2026 की शाम करीब 6.30 बजे मंदिर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह होटल के सामने पहुंचा, वहां पहले से मौजूद उदय पाराशर पुत्र बालकृष्ण पाराशर, अंकित चौधरी पुत्र दीपचंद चौधरी और निखिल तिवारी पुत्र राजीव तिवारी, निवासी चंडीमाता मंदिर के पास, थाना कोतवाली, ने अपने अन्य साथियों के साथ अनूप को घेर लिया। शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने अनूप से दांव पर लगाने और जुआ खेलने के लिए 15 हजार रुपये की मांग की। अनूप द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

जातिसूचक गाली गलौज का आरोप

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गाली-गलौज कर अनुसूचित जाति समाज को अपमानित किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने आरोप लगाया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा अनुसूचित जाति समाज को अपमानित करने के आशय से कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई।

---

31 अगस्त तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में होगा संचालन

सचल विज्ञान बस से गांव - गांव में पहुंचेगा विज्ञान का ज्ञान, डीएम ने हरी झंडी दिखाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से जिले में सचल विज्ञान बस का संचालन शुरू किया गया है। सोमवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अपने कैंप कार्यालय से सचल विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस 17 अगस्त से 31 अगस्त तक 15 दिनों के दौरान जनपद की सभी तहसीलों के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं को विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों और प्रयोगों की जानकारी देगी। सचल विज्ञान बस का निर्माण आईआईटी कानपुर द्वारा किया गया है तथा इसका संचालन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों तक विज्ञान को लोकप्रिय बनाना तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास के प्रति विद्यार्थियों एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। बस को रवाना करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार की सचल विज्ञान बस ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा उत्पन्न करने में निश्चित रूप से सहायक होगी। समाज के विकास के लिए लोगों में वैज्ञानिक सोच का होना आवश्यक है।

विद्यार्थियों को केवल विज्ञान के सिद्धांतों की जानकारी ही नहीं, बल्कि उनसे संबंधित प्रयोगों को समझना और स्वयं करके सीखना भी बेहद महत्वपूर्ण है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि सचल विज्ञान बस छात्र-छात्राओं के लिए बेहद शिक्षाप्रद है।

इसमें विज्ञान से संबंधित उच्चस्तरीय मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को आसानी से समझ सकेंगे। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक ने बताया कि विज्ञान बस में उज्ज्वल भविष्य के लिए ऊर्जा बचाएं विषय पर आधारित करीब 20 स्वचालित एवं हस्तचालित मॉडल लगाए गए हैं। विद्यार्थी इन मॉडलों को स्वयं संचालित कर प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को समझेंगे। इसके साथ ही बस में वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित व्याख्यान और वैज्ञानिक फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सचल विज्ञान बस को कलेक्ट्रेट से रवाना कर सबसे पहले पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ललितपुर भेजा गया है। जनपद के लिए विज्ञान बस का संचालन 15 दिनों के लिए अनुमोदित हुआ है और इसके लिए सभी तहसीलों का रूटचार्ट भी तैयार कर लिया गया है। बस विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान की गतिविधियों से जोड़ेगी। इस दौरान बीएसए रत्नेश कुमार, जीजीआईसी से किरण वर्मा, डा.सिंधु सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बालक-बालिकाओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया

स्वतंत्रता दिवस बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



लायंस क्लब सेवा द्वारा ममता स्पोर्ट्स के सौजन्य से स्थानीय स्पोर्ट्स अकादमी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 एवं 16 अगस्त 2026 को दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 अगस्त को मुख्य अतिथि एमजेएफ ला. सन्मति सराफ ने खिलाड़ियों के बीच टॉस कराकर किया।

लायंस क्लब ललितपुर सेवा के अध्यक्ष संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स, सचिव संदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अभय सिंघई, शायर जहीर ललितपुरी, पत्रकार संतोष, दिव्यांश जैन, एड. चंचल पुरोहित, एड.दिनेश कुमार सहित अभिभावक एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता के प्रथम राउंड के मुकाबले खेले गए। देर रात तक क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 16 अगस्त को शेष सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों ने जमकर सराहना की। बालक अंडर-11 एकल वर्ग में आरव वर्मा प्रथम, वेदांत सूर्यवंशी द्वितीय, कुशाग्र शाह तृतीय तथा अयान अहमद चतुर्थ स्थान पर रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में समिक बरया ने प्रथम, अयांश पुरोहित ने द्वितीय तथा अनर्घ नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में अभिनव वर्मा विजेता, आराध्य अग्रवाल उपविजेता, शान उल्ला तृतीय तथा आदियोगी शर्मा चतुर्थ स्थान पर रहे। बालक युगल वर्ग में शान उल्ला व समिक बरया की जोड़ी विजेता रही। अंशुमान व कुशाग्र शाह की जोड़ी ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि आदियोगी शर्मा व आरुष सिंह चौहान की जोड़ी तृतीय रही। सीनियर बालिका युगल वर्ग में अहल-जहीर व अनवि तिवारी की जोड़ी विजेता तथा नैंसी भार्गव व परिधि जैन की जोड़ी उपविजेता रही।

जूनियर बालिका युगल वर्ग में सौम्या राठौर व ख्वाहिश की जोड़ी ने प्रथम तथा अक्षिता तिवारी व संस्कृति तिवारी की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका अंडर-11 एकल वर्ग में अग्रिमा नायक प्रथम और माही राठौर द्वितीय रहीं। अंडर-14 बालिका वर्ग में सौम्या राठौर प्रथम, ख्वाहिश द्वितीय, आद्विका तृतीय तथा अक्षिता तिवारी चतुर्थ स्थान पर रहीं। इसके अलावा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों पर्व कुमार, आरुष गौतम, भव्य जैन, रिदित सलूजा, सत्यम शिवराम सिंह, मृदुल आनंद, नोमान, दक्ष जैन, मेराज, वरणादित्य चौरसिया, अर्थ नायक, पर्व लखौटिया एवं आरव नायक को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। 16 अगस्त की शाम आयोजित समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, अभिभावकों, खिलाड़ियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 के एमजेएफ ला. सन्मति सराफ द्वारा आयोजित कोमलरतन जिला अवॉर्ड फंक्शन में भी स्पोर्ट्स अकादमी की खेल उपलब्धियों को सम्मान मिला।

अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान लायंस क्लब ललितपुर सेवा के अध्यक्ष ला. संजीव जैन, लायन अभिनव सिंह एवं लायंस इंटरनेशनल ललितपुर के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अकादमी के कोच एवं संचालक मोहम्मद जमील तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों अयांश पुरोहित, समिक बरया, अग्रिमा नायक और माही राठौर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

हनुमानजी का श्रृंगार कर अखाड़े का पूजन किया

गोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में हर्षोल्लास से मनाई नागपंचमी

ललितपुर। तालाबपुरा स्थित गौशाला अखाड़ा परिसर में नागपंचमी पर्व गौशाला अखाड़ा परिवार द्वारा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अखाड़े में धार्मिक अनुष्ठान के साथ पारंपरिक कुश्ती कला और पहलवानी का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। नागपंचमी के अवसर पर अखाड़े में हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अखाड़े का पूजन किया गया तथा उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से जय श्रीराम का जाप किया। इसके बाद कुछ पहलवानों ने अखाड़े में अपने दांव-पेंच और पहलवानी के हुनर का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए मौजूद लोगों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। अध्यक्षता पूर्व नगर संयोजक बजरंग दल शीलचंद सिंघई (पप्पी) ने की, जबकि संचालन पूर्व पार्षद शांत सागर साहू ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अखाड़े भारतीय परंपरा, संस्कार और शारीरिक अनुशासन के केंद्र रहे हैं। नागपंचमी के अवसर पर अखाड़े का पूजन और पहलवानों द्वारा दांव-पेंच का प्रदर्शन हमारी प्राचीन खेल एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का



माध्यम है। कार्यक्रम में आदर्श जैन, मुन्नालाल जैन, संतोष सोनी जग्गू, अविन्द संज्ञा, पं. नरेश विदुआ, राजू सेठ, भारत रिछारिया, फूलचंद्र विश्वकर्मा, नरेंद्र पाठक, आशीष तिवारी, पंकज रकैवार, सुनील सोनी सुन्नू, हरगोविंद सोनी छोटे, ओम विदुआ, मनोज गिरी, मनोज पटेल, किशन पटेल, मनोज गुप्ता, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, जग्गी, वीरेंद्र, दशरथ, रामकृष्ण कुशवाहा एडवोकेट, सुघर सिंह यादव, मनोज नायक, अरुण गोस्वामी, विक्की सोनी, लक्ष्मण, रतन, प्रकाश, कमता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, अमित श्रीवास्तव, कुंदन सेन, रोहित यादव, वीरेंद्र कुमार, सोनू जैन, रामेश्वर साहू बड़े, कल्लन चौबे आदि मौजूद रहे।

वीरांगना अवंती बाई की जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

वीरांगना अवंतीबाई का बलिदान सदैव जीवंत रहेगा : गंधर्व सिंह

ललितपुर। वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। गंधर्व सिंह बाबूजी के नेतृत्व में आयोजित शोभायात्रा में हजारों की संख्या में युवा, स्वजातीय बंधु एवं विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए। देशभक्ति और वीरांगना अवंती बाई के जयघोष से शहर का वातावरण गुंजायमान रहा।

शोभायात्रा का शुभारंभ कल्याण सिंह सभागार से हुआ। यहां से यात्रा इलाट चौराहा, जेल चौराहा, पानी की टंकी, घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा होते हुए तुवन मंदिर चौराहा और इसके बाद वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा स्थल तक पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजबंधुओं एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर



स्वागत किया। कई जगह फल, मिष्ठान और अन्य प्रसाद का वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में सांसद अनुराग शर्मा, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा तथा महरौनी विधायक मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नेताओं ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के साहस, त्याग और देशभक्ति को नमन करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शोभायात्रा में डीजे, पारंपरिक सैरा पार्टी और दिल-दिल घोड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समाज की बहनों ने वीरांगना अवंती बाई की वेशभूषा धारण कर घोड़ों पर सवार होकर यात्रा में हिस्सा लिया। यह दृश्य लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। वहीं डीजे की देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण धुनों पर युवाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की और अनुशासन बनाए रखा। कार्यक्रम के दौरान सौरभ सिंह लोधी पूर्व प्रधान सतवासा की ओर से मिष्ठान आदि की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा के वीरांगना अवंती बाई प्रतिमा स्थल पर पहुंचने के बाद प्रमुख अतिथियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने वीरांगना अवंती बाई के जीवन, संघर्ष, वीरता और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। आयोजक गंधर्व सिंह बाबूजी ने शोभायात्रा में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, युवाओं, स्वजातीय बंधुओं एवं विभिन्न समाजों के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से शोभायात्रा ऐतिहासिक, भव्य, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुई।

कोमलरतन-लायंस डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह

सांसद शर्मा ने लायंस इंटरनेशनल के सेवा कार्यों को जमकर सराहा



ललितपुर। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर वर्ष 2025-26 एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लायन सम्मति सराफ के संयोजन एवं आतिथ्य में कोमलरतन-डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह 2025-26 का भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले विभिन्न लायंस क्लबों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। वहीं समाजसेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी कोमलरतन सम्मान से नवाजा गया। समारोह में ललितपुर, झांसी, कानपुर, रायबरेली सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में लायंस लीडर्स एवं सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में समाजसेवा, जनकल्याण, राजनीति, धर्म, व्यापार, पत्रकारिता, चिकित्सा, कला, पर्यटन एवं परोपकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं, संगठनों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2026-27 एमजेएफ लायन शरद अग्निहोत्री रहे। उद्घाटनकर्ता पीएमसीसी एवं वाइस एरिया लीडर, मल्टीपल 321 एमजेएफ लायन अभिनव सिंह तथा विशिष्ट अतिथि द्वितीय उप मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन सुधीर गुप्ता रहे। समारोह में सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण तथा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। सांसद ने लायंस इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सम्मति सराफ के सक्रिय, सफल एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण एवं जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने भी लायंस इंटरनेशनल के जनसेवा कार्यों तथा प्रतिभाओं के सम्मान की पहल की सराहना की। अतिथियों ने समारोह के सफल एवं गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आयोजक मंडल को शुभकामनाएं दीं। मुख्य संयोजक लायन सम्मति सराफ ने बताया कि यह समारोह उनके चाचा स्वर्गीय डॉ. कोमल चंद सराफ एवं दादाजी स्वर्गीय शरतन चंद सराफ की पावन स्मृति को समर्पित है। दोनों के नाम कोमल और रतन से प्रेरित होकर कार्यक्रम का नाम कोमलरतन रखा गया है। उन्होंने कहा कि सेवा, सम्मान और प्रेरणा की यह श्रृंखला भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प है, ताकि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता रहे और सेवा भावना को और मजबूत किया जा सके। समारोह में चंद्रशेखर, दिनेश गोस्वामी, अजय पटैरिया, डा.राजकुमार, सुनीता सराफ, हरीश कपूर टीटू, राजेश यादव, बालकृष्ण नायक, सनत, शैलेंद्र सराफ, महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, संजीव जैन, लक्ष्मण प्रसाद खेडिया, बृजमोहन, अदित सराफ, लक्ष्मीनारायण आचार्य, अनिल अंचल, डा.अक्षय जैन, कृतिका सराफ, शरद खैरा, संतोष शर्मा, ओपी बिरथरे, अरविंद सराफ, कोमल दादा, परवेज पठान, शानू बाबा एवं विजय जैन आदि मौजूद रहे।

प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रसांगिक : बबेले

ललितपुर। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ध्वजा रोहण किया। प्रेस क्लब संरक्षक मंडल, अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पत्रकार पुरोधा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर श्रृद्धा सुमन अर्पित कर स्वतंत्रता आनदोलन में अपने प्रांणों की अहुति देने वाले क्रांतिवीरों को नमन किया और अपनी-अपनी भावभीनि श्रृद्धांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि आज का दिन समुचे देश के लिए बेहत महत्वपूर्ण है। देश की आजादी के लिए अपनी प्रांणों की अहुति देने वाले अनगिनत क्रांतिवीरों को नमन करने का दिन है। आज भारत देश अपनी स्वतंत्रता के 80वें वर्ष में प्रवेश हो रहा है। इन वर्षों में भारत आर्थिक एंव समाजिक दृष्टि कोंण से कितना मजबूत हुआ है, इस पर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने पत्रकार साथियों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस युवा पीड़ी के लिए आज भी प्रसांगिक हैं।



कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों के बालियान को याद करते हुए उनके परिजनों को फूल मामला पहनाकर सम्मान किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं.बृजनंदन शर्मा के नाति हरीबाबू शर्मा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. घनश्याम दास सेन के नाति पत्रकार निहाल सेन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हुकुमचंद बड़घरिया के नाति पत्रकार हितेंद्र टिंकू बड़घरिया एवं लोकतंत्र सेनानी स्व. प्रकाशचंद्र श्रीमाली के पुत्र पत्रकार अभय श्रीमाली को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। संरक्षक मंजीत सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली मौजूद रहे।

पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट

डीएम ने फोन से फोटो खींचकर एसपी को फोन पर दी जानकारी

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुरा निवासी पीड़ित परिवार पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर 16 अगस्त को जिलाधिकारी आवास पहुंचा और अपनी सुरक्षा व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है और शेष आरोपी खुलेआम घूमकर परिवार को धमका रहे हैं। खुरा गांव की रहने वाली नीलेश पत्नी आजाद द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार कोतवाली में अपराध दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले में पुलिस ने अभी तक केवल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि त्रिलोक तनय इमरत, कृपाल तनय त्रिलोक, कमलेश, रबीना और रेखा सहित पांच आरोपी अभी भी गिरफ्तारी से बाहर हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों की धमकियों के कारण परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। आरोपी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। वहीं, पीड़िता के ससुर की हालत गंभीर बताई गई है।

आस्था और भक्ति के साथ नीलकंठेश्वर महादेव पहुंचे तखत ग्रुप के कांवड़िए

सात घंटे पैदल चलकर किया भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सावन के पावन अवसर पर तखत ग्रुप द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ नीलकंठेश्वर महादेव धाम पहुंची। श्रद्धालुओं ने करीब सात घंटे तक पैदल यात्रा कर भगवान शिव का स्मरण किया और नीलकंठेश्वर महादेव पहुंचकर गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया।

पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ श्रीजगदीश मंदिर के पुजारी पं.रामानुज मिश्रा द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालु कांवड़ लेकर नगर पंचायत पाली स्थित प्राचीन श्रीनीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के लिए पैदल रवाना हुए। यात्रा श्रीजगदीश मंदिर से मसौराकलां, घटवार, जमुनधाना, सुरउआ, निवाई, ऐरावनी, बछलापुर, भोटा और पाली होते हुए नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान कांवड़ को श्रद्धालु बारी-बारी से अपने कंधों पर लेकर चलते रहे। ग्रुप सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए यात्रा पूरी की। करीब सात घंटे की पैदल यात्रा के बाद श्रद्धालु नीलकंठेश्वर महादेव धाम पहुंचे, जहां सभी ने श्रद्धा के साथ भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से शहर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने, अच्छे एवं जनहितकारी राजनेताओं के आने, लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा कायम रहने तथा सभी के व्यापार में दिन दूनी-चार चौगुनी तरक्की होने की मनोकामना की। श्रद्धालुओं ने सुख, शांति, समृद्धि और सभी के मंगल की प्रार्थना भी की। कांवड़ यात्रा में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पीहू लखेरा, वैष्णवी लखेरा, लक्ष्य शर्मा, माधव किलेदार, नक्ष किलेदार, सुहानी किलेदार, ध्रुव श्रीवास्तव और सृष्टि श्रीवास्तव सहित अन्य बच्चों ने उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। बच्चों की सहभागिता ने यात्रा के माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

आयोजकों ने बताया कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आस्था और भक्ति के साथ भगवान शिव की आराधना से जोड़ने के साथ-साथ आपसी भाईचारे, प्रेम, सहयोग और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। यात्रा की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया। कांवड़ यात्रा में मज्जू सोनी, राजेश दुबे, अभय पारौल, पत्रकार अंतिम जैन अंतू पारौल, मिंटू सिंघई, आशीष चौबे, हृदेश हुण्डैत ट्विंकल, मनीष श्रीवास्तव, विजय शर्मा कुक्कन, विक्की किलेदार, सोमू समैया, विद्या मालवीय, अशोक अनोरा, बृजेश लाला, राजीव चौबे, सुमेर जैन, रामकोटि तिवारी, अभिषेक जैन, पप्पू पटवा, शिवाकांत तिवारी, नितेश तिवारी, आशीष हुण्डैत, बृजेश जैन बलची, रिंकू बबेले, वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मनीष जैन फोटो, पत्रकार अमित लखेरा, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद राजेश सोनी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



शामगढ़ से धर्मराजेश्वर तक निकली कावड़ यात्रा

शामगढ़/मंदसौर। सावन मास के तीसरे सोमवार को शिव ओम उत्सव समिति के तत्वावधान में शिव हनुमान से कावड़ यात्रा बैंड बाजे डीजे ढोल के साथ एवं शिव के गण के स्वांग धारण किए कलाकारों द्वारा आकर्षक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, वहीं भोले शंभू भोलेनाथ के जय घोष के साथ कावड़ यात्रा नगर के मुख्य मुख्य मार्गों से निकलकर वह रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा स्वल्पाहार से भक्तजनों का वितरण का स्वागत किया गया। यह कावड़ यात्रा नगर से 23 किलोमीटर दूर प्राचीन पुरातत्व स्थल धर्मराजेश्वर पहुंची जहां पर अपारजन समुदाय द्वारा भगवान भोलेनाथ का कावड़ के जल से अभिषेक किया वहीं समिति द्वारा वहां पर भंडारे का आयोजन भी हुआ जिसमें हजारों भक्त जनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

भानपुरा विकासखंड के हाई-रिस्क 'छतरी' क्षेत्र में मलेरिया नियंत्रण हेतु शिविर

मंदसौर। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक द्वारा बताया गया कि मलेरिया के हाई-रिस्क भानपुरा विकासखंड के 'छतरी' क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष मलेरिया नियंत्रण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य हाई-रिस्क क्षेत्र में मलेरिया के प्रसार को रोकना और आमजन को सुरक्षित रखना था। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है के आधार पर शिविर में आए बुखार से पीड़ित प्रत्येक रोगी की मलेरिया जांच की गई। मरीजों की जांच के साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के प्रभावी उपाय भी बताए गए। उन्हें सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने, घर के आस-पास जलभराव न होने देने और स्वच्छता बनाए रखने जागरूक किया। जिससे मलेरिया से बचा जा सके। इस अवसर पर मलेरिया इंस्पेक्टर नंदकिशोर रैकवार, सेक्टर सुपरवाइजर संतोष कुमार जोशी, लैब टेक्नीशियन रोहित टेलर एवं दिनेश ठाकुर, आशा कार्यकर्ता संगीता राठौर व मुकेश जैन उपस्थित थे।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में शान से लहराया तिरंगा, ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए

जिले में जगह-जगह मनाया स्वतंत्रता दिवस आजादी के पर्व पर ध्वजारोहण कर दी सलामी

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रभावशाली भाषण, देशभक्ति गीत-संगीत तथा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/ भैरुंदा/इछावर

आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को भैरुंदा नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही नगर की गलियां देशभक्ति गीतों और नारों से गूंज उठीं। सरकारी एवं निजी संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं, बाजारों और प्रमुख स्थानों पर तिरंगा शान से लहराया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली। 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'जय जवान, जय किसान' के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और नागरिक प्रभात फेरी में शामिल हुए।

गांधी चौक पर नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने फहराया तिरंगा: नगर का मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह गांधी चौक, छोटा बाजार में आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का पर्व हमें उन वीरों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष के कारण देश स्वतंत्र हुआ।

नपा उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना का संदेश—समृद्ध शहर से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : नगर परिषद कार्यालय में उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के नागरिक मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया।

एसडीएम ने मुख्यालय कृषि उपज मंडी व उपजेल पर किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने मुख्यालय, कृषि उपज मंडी और उपजेल में ध्वजारोहण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी अनेक वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए।

स्कूलों में हुए रंगारंग कार्यक्रम : नगर के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। सांदीपन विद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



भैरुंदा। नगर परिषद कार्यालय पर उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने ध्वजारोहण किया।



भैरुंदा। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने गांधी चौक पर ध्वजारोहण किया।



भैरुंदा। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कृषि उपज मंडी में ध्वजारोहण किया।



ग्राम पंचायतों में लहराया तिरंगा



खाचरोद। 80वा स्वतंत्रता दिवस का पर्व पर खाचरोद, खामखेड़ा, रोलागांव, रामपुरा, सिंगारचोरी, जस्सुपुरा, बड़खोला, पगारिया, बड़घाटी, किल्लौद, कन्नौज शिवाजी, नौगांव, बापचा के शासकीय वा अर्ध शासकीय स्कूलों में झंडा फहराया गया व प्रभात फेरी निकाली गई। इसी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया वा मिठाइयां बाटी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, रामपुरा पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, आवलीखेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच छुट्टू पटेल, जस्सुपुरा पंचायत सरपंच डॉ इद्रीस खान, खामखेड़ा जत्रा पंचायत सरपंच प्रेम नारायण वर्मा, रोलागांव पंचायत सरपंच धर्मेंद्र धनगर, छापर पंचायत सरपंच ज्ञान सिंह वर्मा, किल्लौद पंचायत सरपंच दिलीप सिंह आंवले, लापूडलिया पंचायत सरपंच अकिला राजेश सोलंकी, देवन खेड़ी पंचायत सरपंच विक्रम सिंह, कन्नौज शिवाजी पंचायत सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, पगारिया पंचायत सरपंच अकरम खान, नौगांव पंचायत सरपंच सोबल सिंह ठाकुर, बड़खोला पंचायत सरपंच रमेश देवड़ा, बड़घाटी पंचायत सरपंच अके सिंह ठाकुर, सरपच बापचा बारामत लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया व स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया , गूंजे देशभक्ति के तराने



इछावर दौलतपुर आयुष आरोग्य मंदिर में ध्वजारोहण किया गया।

इछावर। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान निजी संस्थाओं सहित सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। आलम यह रहा कि संपूर्ण क्षेत्र आजादी के जश्न में डूबा हुआ दिखाई दिया। आजादी की 80 वी वर्षगांठ पर नगर के संदीपनी विद्यालय परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत , सामूहिक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नपं कार्यालय में अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष बलवान पटेल ने कार्यालय पर तिरंगा झंडे का रोहण किया गया। अंचल की ग्राम पंचायतों में भी आजादी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंचायत कार्यालयों में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



इछावर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवान पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस ने किया ध्वजारोहण, प्रदेश अध्यक्ष के संदेश का किया वाचन



बुधनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, तारिक पटेल, पूर्व पार्षद कंचन शर्मा, अजय यादव,संजय शर्मा, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, पीली करार मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, हरिशंकर चौहान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, ओपी मालवीय, प्रमोद चौहान, गिरीश पांडे,कपिल मल्होत्रा,रिंकू दुबे, प्रेम वर्मा,हेमंत वर्मा, राजीव दुबे, बृजलाल बानिया, बालवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्रकरणों का समय सीमा में तेजी से निराकरण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में सभी अधिकारी शिकायतों का तेजी से निराकरण कर जिले को अग्रणी बनाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। सोमवार को आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने विभाग वार सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में निराकरण के निर्देश विभागों को दिए। बताया गया कि राजस्व, सहकारिता, ग्रामीण विकास विभागों की प्रगति सीएम हेल्पलाइन निराकरण में अच्छी है। अन्य विभागों को भी तेज लाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का लाभ उठाकर फील्ड में जाने के दौरान अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करें। इस दौरान प्रगति धीमी पाई जाने पर सीतामऊ तथा गरोठ के एसडीएम को भी अपेक्षाकृत तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह पूर्व तैयारी करते हुए बताएं कि शिविर दिवस पर जनहित में कौन-कौन सी गतिविधियां अतिरिक्त रूप से की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की कुछ शिकायतें मौके पर जाने पर ही हल होगी। जिला कार्यालय प्रमुख का मौके पर जाने का ज्यादा प्रभाव होता है बैठक में कलेक्टर द्वारा मंदसौर कृषि उपज मंडी में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। विगत दिए गए निर्देशों का फॉलो अप कलेक्टर द्वारा लिया गया। जिले में व्यवसाय की स्थापनाओ से शत-प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के निर्देश कलेक्टर ने दिए कोर्ट में अव मानना प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई।

जटिल बीमारी से पीड़ित बालक युवराज की निःशुल्क सर्जरी की गई

मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान मंदसौर जिले में अपनी सार्थकता सिद्ध कर रहा है। जिले के ग्राम हिंगोरिया निवासी बालक युवराज बैरागी के लिए भी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सार्थक हुआ जब बीमारी के उपचार के लिए बालक युवराज की निःशुल्क सर्जरी एम वाय हॉस्पिटल इंदौर की गई है। जिले में विगत 7 अगस्त को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मल्हारगढ़ में शिविर आयोजित हुआ था, जहां ग्राम हिंगोरिया के मांगुदास बैरागी अपने 20 माह के बालक युवराज बैरागी को लेकर कलेक्टर दिव्यांक सिंह के पास आए युवराज को गंभीर बीमारी थी जिसमें सर्जरी आवश्यकता थी। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. आर. के. द्विवेदी ने उक्त बालक की प्राथमिक जांच करवाई जिसमे बालक को उपचार हेतु इन्दौर रेफर किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नितेश गर्ग तथा आरबीएसके जिला समन्वयक सुरेश मुवेल द्वारा प्रबंध करते हुए तत्काल उसी दिन बालक को इंदौर भिजवाया गया। विगत 8 अगस्त को इंदौर एमवाय हॉस्पिटल में विभाग अध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जन डॉक्टर अशोक लड्ढा तथा उनकी टीम द्वारा संपूर्ण जांच की गई।

शिशुवन वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शिशुवन वर्ल्ड स्कूल, मंदसौर में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं उल्लास से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन विजय सुराणा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक श्रीवास्तव सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं आत्मविश्वासपूर्ण मंच संचालन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण राठौर , विद्यालय के चेयरमैन विजय सुराना एवं प्राचार्य अभिषेक श्री वास्तव के द्वारा राष्ट्रध्वज का विधिवत ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र काउंसिल सदस्यों ने राष्ट्रध्वज को ससम्मान सलामी अर्पित की। राष्ट्रगान की गूंज से संपूर्ण वातावरण देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री अभिषेक श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, संगीत, गायन एवं भाषणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता, साहस एवं देश के प्रति समर्पण की भावना को अभिव्यक्त किया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक सभी ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की और अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया।


कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण राठौर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। सम्पूर्ण समारोह अत्यंत गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल रहा। कार्यक्रम की भव्यता, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों तथा विद्यालय द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की अतिथियों ने विशेष रूप से सराहना की।

स्वतंत्रता दिवस पर खानपुरा में शान से लहराया तिरंगा

लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंदसौर के विधायक विपिन जैन ने वार्ड क्रमांक 30, नीलगर मोहल्ला, खानपुरा, मंदसौर में ध्वजारोहण कर तिरंगा लहराया। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष ईष्ठा भाचावत, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रफत प्राणी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी सत्रावाला, पूर्व पार्षद रुखसार गोरी, पूर्व पार्षद तरुण खींची एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील बसेर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर समाजसेवी एवं हज यात्रा कर लौटे नारू खान मेव, समाजसेवी एवं अमरनाथ यात्रा कर लौटे राजू भाई सती दासानी, बेरों की मस्जिद के सदर अंसार भाई बेरा तथा इमामबाड़ा खानपुरा के सदर साकिर भाई कड़ाया वाले का मंचासीन अतिथियों द्वारा शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता में ध्वजारोहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदावता



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता में 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मां सरस्वती के पूजन पश्चात सरपंच शंकर लाल मालवीय ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्षता जनपद सदस्य भगत गामी ने की। शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष पवन सिंह आंजना उपाध्यक्ष गीता उमेश पालीवाल, समरथ पाटीदार उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य वजे राम बामनिया ने कहा कि आजादी की हमें यूं ही नहीं मिली इसके लिए अनेक लोगों ने बलिदान दिए हैं, युवा पीढ़ी इसके महत्व को समझें। इस अवसर पर शम्भू सिंह खरवर के निर्देशन मे स्काउट गाइड ने शानदार मार्च पास्ट किया। बच्चों ने शिक्षिका पूजा शर्मा के मार्ग दर्शन में प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम ,गीत नाटक भाषण प्रस्तुत किए। प्रातः काल विद्यालय के छात्र छात्राओ ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ अध्यापक राम रतन कुमावत ने किया। आभार दुर्गा लाल सेन ने माना।